तापमान
अधिकतम 44 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

कुरुद | सिहावा | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 गंगरेल पर्यटन में पसरा सन्नाटा, पर्यटकों का टोटा



12 धमतरी में 55 आगजनी की घटनाओं ने तोड़ा सालों ...



## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रूद्री बस्ती निवासी राहुल साहू पिता मोहित उम्र 19 वर्ष मजदूरी का काम करता था। सोमवार की सुबह उसकी मां व बहन रोजगार गारंटी में काम करने चली गई। इसी दौरान युवक ने कमरे की छत पर लगे पंखे के हुक में रस्सी का फंदा बना फांसी लगा ली। जानकारी होने पर रूद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 जून तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक आयु के इच्छुक अभ्यर्थियों से 10 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि सुरक्षा गार्ड के प्रशिक्षण के लिए ऐसे पुरूष अभ्यर्थी जिनकी शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास और ऊंचाई 5 फीट 6 इंच है, आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह दसवीं पास अभ्यर्थी टेक्सी ड्राइवर, रिटेल सेल्समेन और बारहवीं पास अभ्यर्थी एफटीसीपी (कम्प्यूटर हार्डवेयर) प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# मांग और आश्वासन के बीच झूल रहा धमतरी में मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि टीम ⏭धमतरी

हरिभूमि सरोकार

आज भी जिले के छात्रों को डॉक्टर की पढ़ाई करने के लिए 80 किमी से ज्यादा दूर रहना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धमतरी प्रवास के बाद यहां मेडिकल कॉलेज खोलने का मुद्दा एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। जनप्रतिनिधि भी इस मांग को उठा रहे हैं, लेकिन अब तक किसी ने इस दिशा में ठोस पहल नहीं की है।

एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पुरानी कृषि उपज मंडी में समाधान शिविर में पहुंचे थे। यहां विधायक ओंकार साहू ने धमतरी जिले की बहुप्रतीक्षित पांच मांगों को मंच से मुख्यमंत्री के सामने रखा, जिसमें मेडिकल कॉलेज की मांग प्रमुख है। मुख्यमंत्री ने महापौर रामू रोहरा की छोटी-छोटी मांगों पर हामी भरी है, लेकिन जिले की इन प्रमुख जरूरतों पर चुप्पी साधे रखी। मुख्यमंत्री के लौटने के बाद शहर सहित पूरे जिले में इस मेडिकल कॉलेज की मांग एक बार फिर जोर-शोर उठने लगा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने धमतरी में मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता बताते हुए शासन से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री के धमतरी प्रवास पर मेडिकल कॉलेज की मांग ने जोर पकड़ा

### इसलिए जरूरी है मेडिकल कॉलेज

चिकित्सा के क्षेत्र में धमतरी जिला लंबे समय से आसपास के जिलों का प्रतिनिधित्व करता आ रहा है। धमतरी जिले की जनसंख्या 10 लाख के आसपास है। इसके अतिरिक्त कांकेर, बालोद सहित अन्य जिलों से मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। मेडिकल सुविधाओं के नाम पर यहां पर बठेना अस्पताल, उपाध्याय अस्पताल, वैष्णव अस्पताल, गुप्ता अस्पताल, श्रीराम अस्पताल, धमतरी अस्पताल, नंदा अस्पताल, शिवनंदा अस्पताल सहित नामी गिरामी अस्पताल हैं। कमी है तो मेडिकल कॉलेज की। यहां मेडिकल कॉलेज खुलता है तो इन अस्पतालों को डॉक्टरों की कमी भी नहीं झेलनी पड़ेगी।



### हर बार उपेक्षित रहा धमतरी जिला

मेडिकल कॉलेज के साथ अन्य कई सुविधाओं के लिए धमतरी ब्लाक सहित पूरा जिला हर बार उपेक्षित रहा। समाधान शिविर में विधायक ओंकर साहू ने शहर की 5 बहुप्रतीक्षित मांगों को मुख्यमंत्री के सामने दोहराया जिसमें शासकीय मेडिकल कॉलेज, अंबेकर चौक से गंगरेल तक फोरलेन सड़क, गोल बाजार का नवनिर्माण, घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक सदर मार्ग का चौड़ीकरण, इंजीयरिंग कॉलेज की स्थापना शामिल है। हर बार जनप्रतिनिधि इन मांगों को उठाते हैं, लेकिन आज तक आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिला है।

## गर्मी के चलते मजदूरों ने बदला टाइम शेड्यूल

# सूरज निकलने से पहले काम में जुट जाते हैं मनरेगा मजदूर

- मनरेगा के चालू होने से 40 हजार से ज्यादा मजदूरों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भयावह गर्मी को देखते हुए मनरेगा मजदूरों ने अपना टाइम शेड्यूल बदल दिया है। अब वे सूरज निकलने से पहले कार्यस्थल पर पहुंच रहे हैं और सुबह 11 बजे काम निबटाकर घर आ जाते हैं। पैकअप के टाइम में एक बार फिर जाकर हाजिरी दिलाते हैं।

वीबी जी-राम-जी के शुरू होने में अभी वक्त है। उधर मनरेगा मजदूर खाली हो गए थे। स्थिति को देखते हुए शासन ने एक बार फिर मनरेगा के तहत काम को अनुमति दे दी है। जुलाई तक मनरेगा के तहत ही मजदूरों को रोजगार दिया जाएगा। मनरेगा के कार्यों को हरी झंडी मिलते ही जिले में काम शुरू कर दिए गए हें। जानकारी के अनुसार जिले में इस योजना के तहत 844 आवास सहित कुल 1467 काम चल रहे हैं। इसके तहत 44 नए तालाब खोदे जा रहे हैं। 300 डबरियां खोदी जा रही हैं और 279 तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है।



### काम मिलने से मजदूरों को राहत

मनरेगा काम शुरू होने से जिले के 40 हजार से ज्यादा मजदूरों को राहत मिली है। लंबे समय से ये मजदूर काम की डिमांड कर रहे थे। गर्मी होने के बाद भी वे रोजाना काम पर जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार धमतरी ब्लाक में 11900, कुरूद में 9292, नगरी में 10541 और मगरलोड में 8716 मजदूर काम कर रहे हैं।

### सुबह-सुबह हो रहा काम

अंचल में भयावह गर्मी पड़ रही है, जिसे देखते हुए मनरेगा पंडालों में पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है। छांव, पानी जैसी सुविधाएं हैं। इसके बाद भी मजदूरों पर सूरज के तेवर भारी पड़ रहे हैं। स्थिति को देखते हुए मजदूरों ने अपना टाइम शेड्यूल बदल दिया है। पहले वे सूरज निकलने के बाद काम पर जाते थे। अब सूरज निकलने से पहले मजदूरी करने पहुंच रहे हैं। सुबह धूप निकलने से पहले वे काम पर लग जाते हैं। उल्लेखनीय है कि मनरेगा टास्क आधारित योजना है, जिसमें मजदूरों को एक निश्चित काम करना होता है। मजदूर जल्दी-जल्दी काम कम्पलीट कर घर चले जाते हैं। इसके बाद हाजिरी के लिए वे मनरेगा के समय पर फिर से कार्यस्थल पर पहुंच जाते हैं।

# 36 आरोपियों ने किया सरेंडर, जेल दाखिल



- टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण व वन कटाई का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डेढ़ दशक में एक लाख पेड़ों की कटाई और अतिक्रमण के मामले में 36 आरोपियों ने अपने आपको वन विभाग के हवाले कर दिया है। इस मामले में जैतपुरी गांव के 166 लोग शामिल हैं। सोमवार को 36 आरोपियों के सरेंडर के बाद अब 126 आरोपी भी गिरफ्तारी देंगे। चार आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

बीते दिनों वन विभाग की टीम वन कटाई और अतिक्रमण के आरोपियों को पकड़ने ग्राम जैतपुरी गई थी। इस दौरान ग्रामीणों और वन अमले के बीच झूमाझटकी हुई। मारपीट का वीडियो वायरल होते ही मामला राजनीतिक रंग ले लिया था। कांग्रेस के नेता ग्रामीणों को निर्दोष बताकर समर्थन दे रहे थे। रविवार को इस मामले के 36 आरोपियों ने वन विभाग के समक्ष सरेंडर किया। आरोपियों का बयान लेने, मुलाहिजा कराने के बाद सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया है।

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि पंद्रह साल में सौ हेक्टेयर से अधिक वन जमीन पर एक लाख से अधिक वृक्षों की कटाई कर अतिक्रमण का मामला दर्ज किया गया था। इसके 166 आरोपियों को नोटिस तामिल की गई थी। कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद गिरफ्तारी शुरु की गई। श्री जैन ने बताया कि सभी आरोपी सरेंडर करेंगे। 30-30 लोगों की संख्या में बुलाया जा रहा है। इससे बयान लेने तथा मुलाहिजा कराने में आसानी होगी। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन में 50 हजार कंटूर टैंच का निर्माण किया जाएगा। पूरे क्षेत्र की निगरानी आधुनिक कैमरों से की जाएगी। फेंसिंग का भी काम शुरु होगा।

# 4 लाख 35 हजार के गांजा के साथ तस्कर पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

- सांकरा फॉरेस्ट नाका के पास सिहावा पुलिस ने की कार्रवाई

सिहावा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को धरदबोचा है। जानकारी के अनुसार सिहावा पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर में अवैध रूप से गांजा भरकर देवभोग-मेचका मार्ग से सांकरा होते हुए राजस्थान ले जाने वाला है। सूचना पर थाना सिहावा पुलिस द्वारा फॉरेस्ट नाका सांकरा में घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया।

पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मोंटू शर्मा पिता रामेश्वर शर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी मुंशीराम कॉलोनी मुखर्जी नगर उत्तर पश्चिम दिल्ली बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से स्काई ब्लू रंग के पिट्ठू बैग में रखे 2 पैकेट एवं एक प्लास्टिक पॉलीथीन से कुल 7 किलो 724 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 4 लाख 35 हजार रुपए जब्त किया गया। थाना सिहावा में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## हादसे में कंडक्टर की मौत और चालक घायल

# सड़क किनारे खड़ी क्रूजर से टकराया फायर ब्रिगेड का वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी से धमतरी की ओर जा रही नगर पंचायत नगरी की फायर ब्रिगेड की गाड़ी सोमवार की शाम लगभग 5 बजे केरेगांव-गट्टासिली मार्ग स्थित खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रूजर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फायर ब्रिगेड वाहन क्रूजर पर चढ़ गया। हादसे में कंडक्टर फलेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई वहीं चालक राजू घायल हो गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर पंचायत नगरी की फायर ब्रिगेड की गाड़ी नियमित कार्य से नगरी से धमतरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान गट्टासिली मोड़ के पास चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण तेज रफ्तार फायर ब्रिगेड सड़क किनारे साइड में खड़ी क्रूजर पर चढ़ गई। हादसा इतना भयावह था कि जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग तत्काल मौके की ओर दौड़े।

दुर्घटना में कंडक्टर फलेन्द्र की मौत हो गई वहीं चालक राजू साहू घायल हो गया। ग्रामीणों एवं राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल राजू को वाहन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे धमतरी अस्पताल रेफर किया गया।



घटना के बाद कुछ समय तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में मोड़ पर तेज रफ्तार एवं वाहन अनियंत्रित होने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गट्टासिली मोड़ क्षेत्र पहले से ही दुर्घटना संभावित क्षेत्र माना जाता है। यहां कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मोड़ पर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# मणिकंचन केंद्र में धधकी आग खेतों तक पहुंची



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के सोरिद-बागतराई मार्ग स्थित नगर निगम के मणिकंचन केन्द्र में सोमवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों तक फैलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

करीब 5 एकड़ क्षेत्र में फैले कचरा संग्रहण केन्द्र से उठता धुआं शहर के कई हिस्सों से दिखाई दे रहा था। तेज गर्मी और हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

आग लगने की जानकारी मिलते ही नगर निगम कर्मचारी श्यामू सोना अन्य कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और वहां खड़ी गाड़ियों व अन्य सामान को सुरक्षित बाहर निकाला। आग पर काबू पाने के लिए दो फायर बिग्रेड वाहन और नगर निगम के दो पानी टैंकर लगातार प्रयास कर रहे हैं।

नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आसपास खेतों में पराली जलाने के दौरान उठी चिंगारी मणिकंचन केन्द्र तक पहुंच गई, जिससे कचरे में आग फैल गई।

## मूर्ति खंडित कर सोना-चांदी, नकदी व छत्र लेकर फरार

# मरौद के शीतला मंदिर में ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मरौद से एक बेहद संवेदनशील और आक्रोशित करने वाली घटना सामने आई है। यहां स्थित प्राचीन शीतला मंदिर में रविवार की रात अज्ञात चोरों और असामाजिक तत्वों ने धावा बोलकर न केवल बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए माता की मूर्ति को भी खंडित कर दिया।

सोमवार की सुबह जब ग्रामीण और मंदिर के पुजारी हमेशा की तरह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तब इस शर्मनाक घटना का खुलासा हुआ। मंदिर का मुख्य ताला टूटा हुआ था, भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा था और गर्भगृह से माता की मूर्ति गायब थी। छानबीन करने पर ग्रामीणों के होश उड़ गए, चोरों ने माता की मूर्ति को खंडित कर मंदिर से बाहर अन्यत्र फेंक दिया था। असामाजिक तत्वों ने मूर्ति पर चढ़ाए गए सोने-चांदी के कीमती आभूषण, श्रृंगार सामग्री, छत्र और दान पेटी को तोड़कर उसमें रखी नकदी रकम पार कर दी है।






### साइबर सेल खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

साइबर सेल प्रभारी भानुप्रताप चंद्राकर सहित टीम के सदस्य तकनीकी साक्ष्यों और मंदिर व आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा असंतोष है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### हाईटेक एफएसएल व डॉग स्क्वायड की ली गई मदद

घटना की खबर आग की तरह फैलते ही पूरे मरौद में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण मंदिर परिसर में इकट्ठे हो गए। मामले की गंभीरता और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कुरुद पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे, कुरुद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।आरोपियों की धरपकड़ के लिए जिले को हाल ही में मिली नई हाईटेक एफएसएल वैन और डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। एक्सपर्ट्स की टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट्स और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं।

## 6.51 करोड़ से बना भवन अन्य विभाग भी जल्द शिफ्ट होंगे

# जिला अस्पताल के नए भवन में माइनर ओटी व इंजेक्शन कक्ष शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल के नए भवन में माइनर ओटी व इंजेक्शन रूम शिफ्ट होने के बाद काम भी शुरु हो गया। अस्पताल के अन्य विभागों की भी नए भवन में शिफ्टिंग का कार्य जारी है।

जिला अस्पताल का बहुप्रतीक्षित नया भवन 6.51 करोड़ की लागत से लगभग बनकर तैयार हो गया है। यह भवन मरीजों व स्टाफ के लिए पूरी तरह से सुविधाजनक है। इसी के साथ अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में संचालित विभागों को शिफ्टिंग करने की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई। भवन के ग्राउंड फ्लोर में ट्रामा सेंटर बनाने की तैयारी की जा रही है जिसके लिए शनिवार को विभागों की शिफ्टिंग शुरु हो गई। पहले पुराने भवन के कक्ष क्रमांक 17 में माइनर ओटी को नए भवन के ग्राउंड फ्लोर में शिफ्ट किया गया। वहीं इंजेक्शन कक्ष को शिफ्टिंग किया गया। शिफ्टिंग कार्य पूरा होने के बाद सोमवार से दोनों विभाग में कार्य भी शुरु हो गया।





धीरे-धीरे अन्य विभाग को भी नए भवन शिफ्ट किया जाएगा। भवन के द्वितीय तल में अटल आरोग्य लैब पहले ही स्थापित है जहां स्टाफ द्वारा ट्रायल सेंपल जांच शुरु कर दी गई है। इसी तरह ब्लड बैंक को नए भवन के द्वितीय तल में शिफ्ट किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि नए भवन में ट्रू नॉट लैब आइसोलेशन वार्ड और फिजियोथैरेपी विभाग को भी शिफ्ट किया जाएगा। पुराने भवन के गलियारे को नए भवन से बीच में जोड़ दिया गया है ताकि मरीज को माइनर ओटी से पुराने भवन में स्थित महिला व पुरुष वार्ड में शिफ्ट किया जा सके।

खबर संक्षेप



## अवैध खनिज परिवहन करते 9 ट्रैक्टर पकड़ाए

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा 23 एवं 24 मई को जिले के अछोटा, कलारतराई, अमेठी, खरेंगा, कोलियारी, जवरगांव एवं तेंदुकोना सहित विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान 4 ट्रैक्टर खनिज, मिट्टी, ईंट तथा 5 ट्रैक्टर खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए। संबंधित वाहनों को मौके पर ही जब्त कर सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी प्रकरणों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में राजस्व की हानि रोकने, पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने तथा अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के उद्देश्य से नियमित रूप से निरीक्षण अभियान संचालित किए जा रहे हैं।

## संविदा भर्ती: पात्र-अपात्र की अंतिम सूची जारी

**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिशन शक्ति योजना के तहत सखी निवास और शक्ति सदन में रिक्त पदों पर संविदा भर्ती के लिए पात्र और अपात्र आवेदकों की अंतिम सूची जारी कर दी है। 15 अप्रैल को बस्तर जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उम्मीदवारों की शुरूआती सूची जारी की गई थी और इस पर 29 अप्रैल तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। निपटारे के बाद अंतिम सूची तैयार कर ली गई है। भर्ती में शामिल होने वाले उम्मीदवार इस सूची को बस्तर जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# अंधेरे से उजाले तक : सियाराम मरकाम के घर फिर लौटी रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दूरस्थ और गंगरेल डुबान क्षेत्र में बसे ग्राम तुमाखुर्द निवासी सियाराम मरकाम के घर एक बार फिर उजाला लौट आया है। वर्षों पहले स्थापित सोलर होम लाइट सिस्टम के खराब हो जाने से उनका परिवार लंबे समय से परेशानी झेल रहा था। भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली और पंखे की सुविधा बंद होने से दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था।


कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के संज्ञान में यह समस्या आते ही उन्होंने त्वरित पहल करते हुए क्रेडा के इंजीनियर टीआर ध्रुव को आवश्यक मरम्मत एवं बैटरी बदलने के निर्देश दिए। निर्देश मिलते ही तकनीकी टीम गांव पहुंची और सोलर होम लाइट सिस्टम में नई बैटरी स्थापित कर पूरे सिस्टम को पुनः कार्यशील बनाया गया।



### प्रशासनिक पहल से सोलर सिस्टम हुआ ठीक परिवार को मिली राहत

### सौभाग्य से पहुंच रही विद्युत सुविधा

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना सौभाग्य अंतर्गत वर्ष 2017 से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक विद्युत सुविधा पहुंचाने का अभियान प्रारंभ किया गया था। योजना का उद्देश्य ऐसे घरों तक रोशनी पहुंचाना था, जहां अब तक बिजली नहीं पहुंच सकी थी। दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में सोलर आधारित विद्युत व्यवस्था भी इसी सोच का हिस्सा रही है।



### लंबे समय से समस्या से थे परेशान

सिस्टम चालू होते ही श्री मरकाम के घर में फिर से रोशनी फैल गई। अब रात में घर जगमगाने लगा है और पंखा चलने से परिवार को गर्मी से राहत मिल रही है। दूरस्थ डुबान क्षेत्र में रहने वाले परिवार के लिए यह सुविधा किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। सियाराम मरकाम ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से वे समस्या से परेशान थे, लेकिन अब उनके परिवार को बड़ी सुविधा मिल गई है।

बच्चों की पढ़ाई में निवेश ही भविष्य का सबसे बड़ा लाभ : कलेक्टर

# शिक्षा, संस्कार और सपनों का संगम बना कातलबोड़ का निःशुल्क समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कातलबोड़ में साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित 20 दिवसीय निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बच्चों, पालकों और शिक्षकों में नया जोश भरा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां कर्मा की पूजा-आरती से हुई।

समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चे हमारे जीवन का सबसे बड़ा धन है। पालकों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में आप जितना निवेश करेंगे, भविष्य में उतने ही बड़े लाभ में रहेंगे। पालकों का पहला कर्तव्य बच्चों को सही दिशा देना और उन्हें देश के ऊंचे संस्थानों में पहुंचाना है।





इस अवसर पर एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले, डीईओ अभय जायसवाल, बीईओ राजेश बैस, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, प्राचार्य चंद्रकुमार मनहर, साहू समाज के जिलाध्यक्ष गणेश साहू, तहसील अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गणेशप्रसाद साहू, महेंद्र साहू, मनोज साहू, रविन्द्र साहू, दयालुराम साहू, जनपद सदस्य कुलेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच और ग्रामीण मौजूद रहे।

### समर कैंप था मेरा टर्निंग पॉइंट

अपने छात्र जीवन का संस्मरण साझा करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि कक्षा आठवीं में लगाया गया एक समर कैंप उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट बना था। यदि वे उस कैंप में नहीं जाते, तो शायद आज इस प्रशासनिक पद पर नहीं होते। उन्होंने बच्चों को गुरुमंत्र देते हुए कहा कि जो जितना संघर्ष करेगा, उसका अनुभव उतना ही गहरा होगा। यदि सफलता मिले तो अहंकार से बचे और असफलता मिले तो हार मानने के बजाय लड़ते रहे। कलेक्टर ने बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रहने तथा दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी रणनीति स्वयं बनाने की सीख दी।

### गुल्लक पर उकेरे आईएएस और डॉक्टर बनने के सपने

कार्यक्रम में मैं हूं गुल्लक अभियान के तहत समाजसेवी तुमनचंद साहू एवं रंजीता साहू ने 300 बच्चों को गुल्लक व पेंटिंग किट बांटी। इसके बाद आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने गुल्लक पर पेंटिंग कर आईएएस, डॉक्टर, सैनिक बनने के अपने सपनों और जल-पर्यावरण संरक्षण की सोच को रंगों में उकेरा। कलेक्टर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 10 बच्चों को मेडल व पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी

शिविर में कक्षा 9वीं से 12वीं के कठिन विषयों, प्रयास परीक्षा की तैयारी और संगीत का प्रशिक्षण दिया गया। कर्म ग्रंथालय से 1.5 लाख की प्रतियोगी पुस्तकें मुफ्त दी गई। बिना मानदेय सेवा देने वाले 61 शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व डायरी और 250 छात्राओं को सहभागिता प्रमाण- पत्र दिया गया। बच्चों को नशे और मोबाइल की लत से दूर रखने हर शनिवार नैतिक शिक्षा और योग-प्राणायाम सिखाया गया। प्रमोद साहू व मोहन साहू के सहयोग से सीड बॉल निर्माण और गौरैया संरक्षण हेतु घोंसले बांटे गए।

## बांसपानी-सिहावा मार्ग जर्जर होने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- हर समय हादसे का बना रहता है खतरा

गोटियावाही से बांसपानी होते हुए सिहावा तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बेहद जर्जर और बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि इस मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणों, वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई सड़क और खराब निर्माण के कारण सफर करना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की हालत लंबे समय से खराब बनी हुई है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। खासकर रात के समय और बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

### आंदोलन के लिए विवश होंगे ग्रामीण

ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि कांकेर जिला गोटियावाही-बांसपानी-सिहावा मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत कर सड़क को दुरुस्त किया जाए, ताकि ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क सुधार कार्य नहीं कराया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे ग्रामीण

इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने जरूरी कामों के लिए आवागमन करते हैं। खराब सड़क के कारण लोगों को सफर के दौरान जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ रहा है। कई बार वाहन फिसलने और अनियंत्रित होने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं, जिससे लोगों में डर और चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर हालत के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस खराब सड़क का असर आने वाले समय स्कूली बच्चों पर भी पड़ रहा है। इसी मार्ग से रोजाना स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को गड्ढों और खराब रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। कई बार बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी होती है, वहीं अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है।

# भूमिहीन को उर्वरक बेचा, लाइसेंस निलंबित

- कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक विक्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी एवं अधिक कीमत पर बिक्री रोकने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों में औचक निरीक्षण लगातार किया जा रहा है। संचालक कृषि राहुल देव के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में उप संचालक कृषि, उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों सहित विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है।

कृषि विभाग की टीम ने धमतरी विकासखंड अंतर्गत मेसर्स वीणा ट्रेडर्स पोटियाडीह, काप केयर एण्ड ट्रेडिंग झिरिया, विनय कृषि केन्द्र कुमातराई, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कन्डेल, भटगांव, लिमतरा एवं आमदी का निरीक्षण किया।

इसी प्रकार विकासखंड कुरूद में रागनी ट्रेडर्स सिलीडीह, सत्यम शिवम कृषक क्लब भखारा, कृष्णा फर्टिलाईजर कुरूद, दुर्गा कृषि केन्द्र मंदरौद, पी.के. ट्रेडर्स भखारा, लक्ष्मी ट्रेडर्स भखारा तथा प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मंदरौद एवं कुरूद तथा विकासखंड मगरलोड में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति भेण्डरी एवं मेघा तथा विकासखंड नगरी में पारस कृषि केन्द्र सोनामगर, कर्मा ट्रेडर्स सेमरा, राज कृषि केन्द्र नगरी, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति सेमरा, सिहावा एवं कुकरेल का भी औचक निरीक्षण किया गया।

वहीं मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स भखारा द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक उर्वरक विक्रय करने तथा भूमिहीन व्यक्ति को उर्वरक बेचने की अनियमितता पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



### केन्द्रों में अव्यवस्था एवं अनियमितता

निरीक्षण के दौरान कई विक्रय केन्द्रों में अव्यवस्था एवं अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। मेसर्स काप केयर एण्ड ट्रेडिंग झिरिया, पारस कृषि केन्द्र सोनामगर, कर्मा ट्रेडर्स सेमरा, कृष्णा फर्टिलाईजर कुरूद तथा राज कृषि केन्द्र नगरी से जवाब तलब किया गया है। संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर संबंधित केन्द्रों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए मजदूर हो रहे सम्मानित

- आजीविका डबरी योजना के तहत ग्राम इर्रा में नए तालाब का निर्माण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत इर्रा में आजीविका डबरी योजना मोर तरिया आए के जरिया के तहत मनरेगा के माध्यम से 17 लाख 90 हजार रुपये की लागत से नए तालाब का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत द्वारा इस निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप संपन्न कराने के लिए विशेष पहल की जा रही है।

निर्माण कार्य की सतत निगरानी सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं मेट द्वारा की जा रही है। तालाब निर्माण अंतर्गत निर्धारित माप 14 फीट बाई 14 फीट गुना 8 इंच गहराई के अनुसार गोदी खोदने वाले श्रमिकों को कार्यस्थल पर नगद पुरस्कार एवं अन्य प्रोत्साहन देकर सम्मानित किया जा रहा है।



### श्रमिकों का मनोबल बढ़ रहा

ग्राम पंचायत की इस पहल को मजदूरों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे न केवल निर्माण कार्य में गुणवत्ता आ रही है बल्कि श्रमिकों का मनोबल भी बढ़ रहा है। यह प्रयास ग्रामीण विकास के साथ-साथ श्रम के सम्मान का भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रहा है।

### कार्य में आई गुणवत्ता

सरपंच सूर्यकांत साहू ने बताया कि कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा श्रमिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इसी क्रम में श्रमिक रमेसर निषाद एवं छबि निषाद द्वारा खोदी गई गोदी की गहराई क्रमशः 9 इंच एवं 9.5 इंच मापी गई, जिसके लिए उन्हें कार्यस्थल पर सम्मानित किया गया। निर्धारित मापदंड के अनुसार उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य श्रमिकों को भी आगामी स्वतंत्रता दिवस अथवा ग्राम पंचायत के अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाएगा।

## ब्लॉक कांग्रेस ने झीरम घाटी हमले में शहीद नेताओं एवं जवानों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा झीरम घाटी हमले में शहीद हुए नेताओं एवं जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बलिदान को याद किया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उनके त्याग और बलिदान से लोकतंत्र की मजबूती का संदेश मिलता है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक लेखराम साहू, ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू, पूर्व सभापति गोविन्द साहू, जिला सचिव बिसौहा साहू, प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज साहू, ब्लॉक पदाधिकारीगण अनुसुइया रात्रे, समीर गौर, यतीश सिन्हा, मुकेश साहू, मंडल अध्यक्ष चमन साहू, रामचंद्र साहू, राजा बंजारे, डॉ हरदेल, रवि माहेश्वरी, सोमनाथ साहू, बिट्टू गौर, आदित्य बघेल, हरेश साहू, पवन साहू, रूपेंद्र साहू , अनिकेत साहू , भूपेश पटेल, सुकालू सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बर्डमैन की सीख से बच्चों ने लिया हरियाली बचाने का संकल्प

कुरूद। बदलते पर्यावरण, बढ़ती गर्मी और गायब होती गौरैया के बीच कातलबोड़ के स्कूली बच्चों ने प्रकृति को बचाने का जिम्मा अपने छोटे-छोटे हाथों में उठा लिया। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कातलबोड़ में आयोजित बर्ड कंजर्वेशन एवं सीड बॉल कार्यशाला में बच्चों ने मिट्टी, बीज और लकड़ी के घोंसलों के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

परिक्षेत्र साहू समाज बानगर और कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में बच्चों को बताया गया कि कैसे सीड बॉल के माध्यम से बंजर जमीनों को फिर से हरा-भरा बनाया जा सकता है और लकड़ी के घोंसलों से पक्षियों को सुरक्षित आश्रय मिल सकता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-गातापार**
**जनपद पंचायत-कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्र. 06/मि.प्रो.यू./2026-27 गातापार, दिनांक 22/05/2026

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

जनपद पंचायत कुरूद क्षेत्र में ग्राम पंचायत गातापार दुग्ध संकलन प्रसंस्करण एवं विपणन (क्षेत्रफल 15 डिसमिल से आजीविका गतिविधि संचालन, रोजगार उपलब्ध कराने एवं उसके संधारण, सुरक्षित तथा मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति के तहत 11 वर्ष के लिए लीज पर निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कंपनी/फर्म/व्यक्ति/संस्थान विस्तृत जानकारी कार्यालय ग्राम पंचायत गातापार, जनपद पंचायत कुरूद, जिला धमतरी की आधिकारिक वेबसाईट dhamtari.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

- निविदा की प्रारंभ तिथि - 22/05/2026
- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि - 25/05/2026
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 07/06/2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक
- निविदा खोले जाने की तिथि - 08/06/2026 अपरान्ह 4:00 बजे से

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत गातापार
जनपद पंचायत कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

## महापौर ने हितग्राही को सौंपा पीएम आवास योजना का अनुज्ञा पत्र

**धमतरी।** नगर पालिक निगम द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत साल्हेवारपारा निवासी श्रीमती कांतु बाई पति रामदास को भवन निर्माण हेतु आवास योजना का अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से लोगों का अपने पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। एमआईसी सदस्य नरेंद्र रोहरा ने हितग्राही को बधाई देते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

नगर निगम द्वारा लगातार पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित एवं बेहतर आवास उपलब्ध हो सके।



### निधन

**तिजियाबाई साहू**



**धमतरी।** ग्राम कोड़ेबोड़ निवासी तिजिया बाई साहू 86 वर्ष का 23 मई को निधन हो गया। वे विष्णु, लोकेश व नरेश की माता एवं लालाराम, रामदयाल, शिवदयाल, रामलाल, शिव प्रसाद, दयाराम की चाची तथा युधिष्ठिर, डोमन, लेमन, कीर्तन, राजू प्रकाश की दादी थी।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

- 14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
- A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
- Multi Para Monitors / Bubble CPAP
- Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
- Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
- State of the art NICU including care for Preterm, Term
- वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
- Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
- प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
- 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## टांडपाल में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन

**जगदलपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना तोकापाल ने ग्राम पंचायत टाहकापाल के अंतर्गत टांडपाल आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद के लिए 6 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष होनी चाहिए। एक वर्ष से अधिक का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका अथवा सह-सहायिका को तीन वर्ष की विशेष छूट दी जाएगी। आवेदिका को उसी ग्राम की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता 12वीं अथवा पुरानी पद्धति से 11वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके तहत अनुसूचित जाति या जनजाति परिवार की महिलाओं, अनुभवी कार्यकर्ताओं और विशेष सामाजिक परिस्थितियों विधवा, तलाकशुदा या दो वर्ष से अधिक अवधि से परित्यक्ता महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा और अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा संचालित आश्रम शालाओं में कक्षा 8वीं तक पढ़ी छात्राओं को अतिरिक्त अंकों का लाभ मिलेगा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदारों को ज्ञापन देंगे कल

**बस्तर।** भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं को लेकर 27 मई को प्रदेश में तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपेगा। सभी तहसीलों में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता, बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों एवं कृषि लागत में वृद्धि तथा अन्य स्थानीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान हेतु किसान संघ ज्ञापन के माध्यम से शासन को किसानों की दिक्कतों से अवगत करायेगा। भारतीय किसान संघ का मानना है कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन एवं किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा।

## सांप काटने से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लाए 15 साल के बच्ची की मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि झाड़कट्टा निवासी 15 वर्षीय परमिला वट्टी पिता संतु वट्टी को साप ने काट लिया था। मृतिका के परिजन ने उन्हे इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर में लाया था। जहर फैल जाने के कारण बच्ची की 24 मई को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग काय

## केरल और मिजोरम के बीच मुकाबला कल

जगदलपुर। नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के स्टेडियम ग्राउंड में अंडर-20 मेन्स नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 27 मई को होगा। 35 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला अपरान्ह 3 बजे केरल एवं मिजोरम टीम के मध्य होगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव और अध्यक्षता वनमंत्री केदार कश्यप होंगे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202605130700045**
विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सत्र :-2025-2026
धमतरी प.ह.नं. 00033 [29 (वार्ड : 01 शीट-30) (1578.00 हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - वर्णिका लुईस,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती वर्णिका लुईस पति श्री राफायल लुईस निवासी टिकरापारा वार्ड धमतरी प.ह.नं. 33 तहसील व जिला धमतरी स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 30 सर्वे नं. 2642/1 प्लाट नं. 29 रकबा 1578 व.फु. पर ब्यूला विजयसिंग पति विजयसिंग एवं कृपामणी सिंग पति रुपसिंग के संयुक्त नाम पर दर्ज है। श्रीमती ब्यूला विजय सिंग की मृत्यु दिनांक 30/08/2025 को एवं कृपामणी सिंग का नाम विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने आवेदन पत्र पेश किये हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 08/06/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2026 को जारी किया जाता है।

KUSUM PRADHAN
तहसीलदार
तहसील धमतरी

# जनजातीय अंचल में बढ़ी जागरूकता और सुविधाओं की पहुंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 18 मई से 25 मई 2026 तक जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान अंतर्गत जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत चिन्हित 121 ग्रामों की 133 बसाहटों तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के 108 ग्रामों में संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य दूरस्थ एवं विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना, जनसुनवाई के माध्यम से समस्याओं का त्वरित निराकरण करना तथा स्वास्थ्य एवं जनकल्याण सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना रहा। मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं स्वास्थ्य टीमों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल जांच, टीबी स्क्रीनिंग तथा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया गया।

## जनभागीदारी से सशक्त हुआ जनजातीय अंचल, जनजातीय गरिमा उत्सव मनाया गया

### राशन कार्ड, पेंशन और मनरेगा से संबंधित समस्याओं का निराकरण

अभियान के तहत आदि सेवा केन्द्रों में 21 से 23 मई तक विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां राशन कार्ड, पेंशन और मनरेगा से संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। जनसुनवाई में 50 राशन कार्ड, 20 पेंशन एवं 20 मनरेगा प्रकरणों का समाधान किया गया। इसके साथ ही हितग्राही संवाद, फील्ड निरीक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।



### समाज को मिला सशक्त मंच

शिविरों में 315 आधार कार्ड, 250 आयुष्मान कार्ड, 100 जनधन खाते तथा 150 जीवन ज्योति बीमा योजना से हितग्राहियों को जोड़ा गया। वहीं 500 हितग्राहियों की सिकल सेल एवं टीबी जांच कर 30 पेंशन तथा 70 राशन कार्ड प्रकरणों का निराकरण किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जनभागीदारी और समन्वय से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और गौरव को सशक्त मंच मिला।

गंगरेल का धार्मिक पर्यटन आबाद, माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का लगा तांता

# गंगरेल पर्यटन में पसरा सन्नाटा, पर्यटकों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जेठ महीने की भीषण गर्मी का असर गंगरेल पर्यटन में भी देखने को मिल रहा है। शासकीय अवकाश के दिन जहां पर्यटकों का रेला लगा रहता था, वहीं रविवार को गंगरेल पर्यटन क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा। इधर मां अंगारमोती के दरबार में श्रद्धालुओं का भारी गर्मी के बीच तांता लगा रहा। मुराद पूरी होने पर मन्नत देने वाले दर्जनों परिवार 43 डिग्री तापमान पर भोजन प्रसादी बनाकर प्रसादी वितरण करते रहे।

रविवार की दोपहर 12 बजे झुलसा देने वाली गर्म हवाएं चली। गंगरेल वाटर स्पोटर्स स्थित सेंड बीच में सन्नाटा पसरा रहा। वाटर स्पोटर्स स्थल पर क्रूजबोट, मोटरबोट लहरों के थपेड़े से हिल रहे हैं। मानो सवारी करने वालों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वाटर स्पोटर्स के प्रभारी असकंध सिंह बताते हैं कि गंगरेल पर्यटन का आफ सीजन चल रहा है। सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक पर्यटन क्षेत्र सुनसान हो जाता है। बारिश में गंगरेल पर्यटन फिर से गुलजार होगा।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर सुमंतकुमार ने बताया कि गर्मी के कारण सैलानियों में भारी गिरावट आई है।

कॉटेज, टेंट हाउस की बुकिंग कारपोरेट सेक्टर से हो रही है। कांफ्रेंस तथा वेडिंग हाल तैयार हो चुका है। कुछ ही दिनों में इसका लोकार्पण किया जाएगा।





### आधे से कम हुआ गंगरेल बांध में पानी

तालाबों को निस्तारी पानी देने के बाद गंगरेल बांध का पानी क्षमता से आधा कम हो गया है जबकि अन्य सहायक बांधों में पर्याप्त जलभराव है। गंगरेल बांध में उपयोगी पानी रविवार को 13.179 टीएमसी दर्ज किया गया है। बांध में क्षमता का 48.64 फीसदी जलभराव है। भिलाई नहर तथा रूद्री बरॉज में 330,350 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। माड़मसिल्ली बांध की तबीयत दुरुस्त है। यहां 4.754 टीएमसी जलभराव है। यहां बांध की क्षमता का 83.10 प्रतिशत पानी है। दुधावा बांध में 7.851 टीएमसी पानी जमा है। क्षमता का 78.30 प्रतिशत पानी मौजूद है। सोंदूर बांध में 4.007 टीएमसी पानी है। यहां 63.18 प्रतिशत पानी है।

### गंगरेल का धार्मिक पर्यटन गुलजार

भीषण गर्मी के बीच गंगरेल का धार्मिक पर्यटन गुलजार रहा। तपती धूप में आदिशक्ति मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ग्राम बागतराई से पहुंचे भीष्मकुमार बताते हैं कि माता के समक्ष अपनी समस्या निराकरण के लिए मन्नत मांगी थी। मुराद पूरी हो गई है। उनका पूरा परिवार माता को मन्नत देने आया है। उन्होंने बताया कि इस गर्मी में टेंट, पाल लगाकर भोजन प्रसादी बनाया गया। मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने कहा कि ऐसे तापमान में जहां लोग घर से निकलना पसंद नहीं करते, वहीं देवी के दरबार में बारहों महीने दर्शनार्थियों की कतारें लगी रहती हैं। भोजन प्रसादी बनाने के लिए यहां शेड निर्माण की जरुरत है जिससे गर्मी, बारिश और ठंड के मौसम में मन्नत देने वालों को सुविधा मिल सके।

# बीएसएनएल टॉवर के पास ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग

- बंदर के ट्रांसफार्मर पर कूद जाने से हुआ शॉर्ट सर्किट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर के वार्ड क्रमांक 7 में सोमवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बीएसएनएल टॉवर के समीप स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और आसमान में काला धुआं फैल गया, जिसे दूर-दूर तक देखा गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया तथा बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर को अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिसके तुरंत बाद ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक बंदर के ट्रांसफार्मर पर कूद जाने से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़क उठी। हादसे में बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसकी लपटें बिजली तारों तक पहुंच गईं, जिससे कुछ समय के लिए आसपास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई।





### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम फायर ब्रिगेड वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। सबसे पहले सुरक्षा के मद्देनजर बिजली सप्लाई बंद करवाई गई, जिसके बाद फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि ट्रांसफार्मर के आसपास मकान, दुकानें तथा अन्य विद्युत उपकरण मौजूद थे। आग लगने के दौरान लोगों में भय और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई परिवार एहतियात के तौर पर अपने घरों से बाहर निकल आए और दूर खड़े होकर राहत एवं बचाव कार्य देखते रहे।

### रिहायशी इलाकों में पहुंच सकती थी आग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि आग कुछ देर और फैल जाती तो आसपास के रिहायशी इलाके में बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। वहीं स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मरों की नियमित जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# नगर में मानसून से पहले नाला-नाली की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा आगामी मानसून को देखते हुए शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के दिशा-निर्देश पर परिषद के कर्मचारी बड़े नालों और नालियों की व्यापक सफाई में जुटे हुए हैं ताकि बारिश के दौरान शहर में जलभराव, गंदगी और जल निकासी की समस्याओं को रोकना है।

पालिका की टीम विभिन्न वार्डों में पहुंचकर नालियों में जमा गाद, प्लास्टिक, कचरा और अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य कर रही है ताकि वर्षा का पानी बिना रुकावट आसानी से निकल सके। सफाई कार्य के लिए आवश्यक मशीनों और श्रमिकों को भी लगाया गया है। नगरवासियों से भी अपील की जा रही है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। इस सफाई अभियान का नपा अध्यक्ष , नगर पालिका के पार्षदगण एवं अधिकारी लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता ने बताया कि जिन स्थानों पर हर वर्ष जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहां विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य नालों के साथ-साथ मोहल्लों की छोटी नालियों की भी सफाई कराई जा रही है। पालिका प्रशासन का कहना है कि मानसून पूर्व यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि नागरिकों को बारिश के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# माधवसिंह कोसरिया समाज के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत



**धमतरी।** रायपुर स्थित मयाराम सुरजन हाल के पीछे छग कोसरिया यादव समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई जिसमें प्रदेश संगठन से प्रत्येक जिला को संबद्धता लेने, समस्त जिलों में एक बेनर व एक पंजीयन के तहत आयोजन करने, आगामी प्रदेश संगठन चुनाव के विषय पर परिस्थिति अनुसार नियमावली पारित करना, प्रदेश संगठन को सशक्त एवं मजबूती प्रदान करने प्रदेश महिला संगठन के विस्तार आदि विषयों पर चर्चा की गई। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष माधवसिंह यादव टिकरापारा रायपुर को आगामी चुनाव संपन्न होते तक कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष उषा यादव, नगर अध्यक्ष अंजलि यादव, उपाध्यक्ष सुमन यादव, महामंत्री संतोषी यादव, सचिव तुलसी यादव, कुसुमलता यादव, संतोषी यादव, भारती यादव, मधुलता यादव ममता यादव, श्रुति यादव, सविता यादव, कलिन यादव ने सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर नागपुर जिले के अहीर गोपाल समाज नागपुर महाराष्ट्र संगठन के पदाधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश संगठन 4473 का संबद्धता प्रमाण पत्र प्राप्त किए। यह जानकारी रायपुर संभाग प्रचार-प्रसार मंत्री तुलसीराम यादव ने दी।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत, साथी घायल

- नगरी थाना क्षेत्र के डोंगाडुला के पास हुई दुर्घटना

**नगरी।** नगरी थाना क्षेत्र के डोंगाडुला के पास सोमवार की दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

जानकारी के अनुसार छिपली निवासी वीरेश पटेल (16 वर्ष) पिता अरुण पटेल एवं दीपक विश्वकर्मा पिता महेंद्र विश्वकर्मा सोमवार की दोपहर डोंगाडुला से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान डोंगाडुला से कुछ दूरी आगे उनकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी वाहन से टकराव के बाद बाइक सड़क किनारे लगे तार के घेरे में फंस गई, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को नगरी अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए धमतरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि धमतरी ले जाते समय रास्ते में वीरेश पटेल ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दीपक विश्वकर्मा का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। कम उम्र में हुई वीरेश की मौत से ग्राम छिपली में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों किशोर सामान्य रूप से घर लौट रहे थे, लेकिन कुछ ही पल में यह सफर दर्दनाक हादसे में बदल गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**अंचल की खबरें**

## तपस्वी संतों ने रायपुर की ओर किया मंगल विहार



**धमतरी।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के पूज्य संतों का सोमवार को धमतरी से रायपुर की ओर मंगलमय विहार होगा। प.पू. गणाधीश पन्यास प्रवर विनयकुशल मुनि मसा, प.पू. गणि वीरभद्र मुनि मसा (विराग मुनि जी मसा) सहित आदि ठाणा ने दोपहर 3:30 बजे पार्श्वनाथ जिनालय से विहार प्रारंभ किया। समाजजनों में संतों के आगमन और विहार को लेकर विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। खास बात यह है कि विराग मुनि मसा 145 उपवास के कठिन तप में निरंतर आराधना कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच भी उनकी तपस्या जारी रहने से श्रद्धालुओं में गहरी आस्था देखने को मिल रही है।

## वाल्मीकि समाज ने महापौर से की मुलाकात



**धमतरी।** वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम महापौर महापौर से मुलाकात कर समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं जनहित विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था, समाज के युवाओं के रोजगार, शिक्षा एवं सामाजिक विकास से संबंधित मांगों को महापौर के समक्ष रखा। महापौर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक पहल एवं सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास एवं सभी समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के जिलाध्यक्ष विक्की वाल्मीकि, रामकुमार वाल्मीकि, सुरमुख चौहान, अविनाश मारोठे, अजय वाल्मीकि उपस्थित थे।

## सोशल क्लब ने तैंतीस जोड़े ब्राम्हणों को कराया भोजन



**धमतरी।** 17 मई से 15 जून तक चलने वाले महीने को अधिक मास या मलमास कहते हैं। अधिक मास सांसारिक कार्यों (जैसे शादी, गृह प्रवेश) के लिए सामान्यतः वर्जित माना जाता है, लेकिन आध्यात्मिक साधना और दान-पुण्य के लिए यह साल का सबसे श्रेष्ठ समय माना जाता है। शहर की प्रतिष्ठित महिलाओं ने दान पुण्य जैसे नेक कार्य करने का विचार किया। उनके द्वारा बनाए गए सामाजिक संगठन सोशल क्लब धमतरी ने राधाकृष्ण भवन में तैंतीस जोड़े ब्राम्हणों को भोजन करवाया। यजमान सीमा-श्याम अग्रवाल, रीटा-राजेन्द्र लुंकड़, सरोज-मोहन अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, अनु-डा वरिन्दर नन्दा, मीना-विजय खण्डेलवाल, सीमा-सूर्यप्रकाश अग्रवाल, भारती-प्रताप राव कृदत्त, आशा-विनोद गांधी,ओमलता-सत्यनारायण राठी, स्नेहा-विनोद अग्रवाल, माला- महेश महावर , डॉ वर्षा-डॉ अनिल जैन, मनीषा -डॉ सरोज साहा, ममता गोयल- ताराचंद गोयल, अनीता मित्तल, डॉ वीणा चटर्जी, सुमित्रा अग्रवाल रहे।

## ओम श्री धान के दाम में उछाल, 100 रुपए बढ़कर 2639 रुपए पहुंचा भाव



**धमतरी।** कृषि उपज मंडी में रबी सीजन के धान को लगातार बेहतर भाव मिल रहा है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को ओम श्री धान का अधिकतम भाव 2639 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। यह भाव पिछले दिन की तुलना में करीब 100 रुपये अधिक रहा, जिससे किसानों में खुशी का माहौल है। मंडी में सोमवार को करीब 6 हजार कट्टा धान की आवक हुई। विभिन्न किस्मों के धान की खरीदी में धान 1010 किस्म 1700 से 1790 रुपये, सांभा 2250 से 2251 रुपये तथा ओम श्री धान 2250 से 2648 रुपये तक बिका। शनिवार को ओम श्री धान का अधिकतम भाव 2550 रुपये था, जो सोमवार को बढ़कर 2639 रुपये पहुंच गया। व्यापारियों का कहना है कि अच्छी गुणवत्ता वाले धान को मंडी में बेहतर कीमत मिल रही है। वहीं किसानों ने भी बढ़े हुए दामों पर संतोष जताया है। मंडी में आईआर-64 और श्रीराम किस्म के धान की आवक सोमवार को नहीं हुई।

## खबर संक्षेप

### नौपता में बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी राहत

**धमतरी।** सोमवार को धमतरी का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर रहा। नौतपा में सूरज आग उगल रहा है, लेकिन आगामी तीन दिनों में मौसम करवट लेगा और तापमान में क्रमिक तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण बिहार और आसपास के क्षेत्र में 0.9 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। एक द्रोणिका दक्षिण बिहार से लेकर झारखंड और ओडिशा होते हुए तटीय आंध्रप्रदेश तक समुद्रतल से 1.5 किमी ऊपर फैली है। मंगलवार के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। कुछ जिलों में ग्रीष्मलहर चलने की संभावना है। एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वज्रपात होने तथा 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है।

### कासोली मड़ियापारा 10 दिन से अंधेरे में ग्रामीण परेशान

**गीदम।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कासोली-01 के मड़ियापारा में पिछले 10 दिनों से अधिक समय से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। हालात यह हैं कि भीषण उमस और बरसात के बीच ग्रामीण रातें अंधेरे में गुजारने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग और घरेलू कामकाज सब प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार मौखिक व लिखित शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण नंदू राम अटामी ने बताया कि वे खुद 3 बार विद्युत कार्यालय गीदम जाकर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन हर बार केवल जल्द ठीक कर देंगे का आश्वासन मिला। सरपंच शैलेश अटामी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उप अभियंता अविनाश लकड़ा को लगातार फोन और आवेदन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया गया। इसके बावजूद 10 दिन बीतने के बाद भी गांव में एक भी लाइनमैन नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि विभाग की उदासीनता के कारण पूरे क्षेत्र के लोग परेशान हैं। बरसात में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ गया है।

इस संबंध में विद्युत विभाग के उप अभियंता अविनाश लकड़ा ने बताया कि तेज आंधी-बारिश के कारण मड़ियापारा में बिजली के पोल टूट गए हैं। पोल बदलने और लाइन दुरुस्त करने का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एक-दो दिन के भीतर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### पुनर्वासित युवाओं और ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**बीजापुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को नैमेड़ में आयोजित समाधान शिविर ग्रामीणों के लिए जनसुविधाओं और शासकीय योजनाओं का बड़ा मंच बनकर उभरा। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया तथा सड़क, पुल-पुलिया और अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग प्रशासन के समक्ष रखी। कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग- नैमेड़ पंचायत में आयोजित इस शिविर में एरमनार, दुगोली, मिड़ते, कडेर, कैका, पेद्दाकोड़ेपाल, पालनार, मूसालूर एवं पापनपाल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। "जानकारी होगी तभी मिलेगा योजनाओं का लाभ" -कलेक्टर- शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन करने और योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्वयं ग्रामीणों तक पहुंचा है, इसलिए दस्तावेज बनाने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# खपरी में अवैध प्लाटिंग की शिकायत, नाली का पानी सड़क पर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर और आसपास के क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। जगह-जगह खेत खलिहानों में पक्की बिल्डिंग बनने लगी है। समीपस्थ ग्राम खपरी में हो रही अवैध प्लाटिंग से वार्ड क्र. 14 के रहवासियों पर मुश्किलें आ गई हैं। सोमवार को पीड़ित पक्ष की महिलाओं ने कलेक्टर से शिकायत कर अवैध प्लाटिंग रोकने तथा आवागमन बहाल करने की मांग की है।

ग्राम खपरी पंचायत के वार्ड क्र. 14 से शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंची श्रीमती राही नेताम, श्रीमती मालती ध्रुव, श्रीमती अश्वनी ध्रुव, निर्मला विश्वकर्मा, रजनी ध्रुव ने कहा है कि वार्ड क्र. 14 ग्राम पंचायत और प्राइमरी स्कूल के आसपास का इलाका है।

उक्त इलाके में दो व्यक्ति मिलकर कृषि जमीन पर प्लॉट काट रहे हैं जिसमें नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

अवैध प्लाटिंग कर गांव की पानी निकासी, खेल खलिहान जाने के रास्ते पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

अवैध निर्माण कार्य से गांव की नाली से बहने वाला गंदा पानी सड़क पर इकट्ठा हो रहा है जिससे रास्ता अवरूद्ध हो गया है। रूके हुए पानी से बदबू आ रही है। इससे बीमारियां फैल सकती हैं।

### बारिश में वार्ड क्र. 14 के घरों में घुसेगा पानी

#### सरकारी हैंडपंप में तोड़फोड़

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वालों ने पेयजल के लिए शासन द्वारा लगाए गए हैंडपंप में तोड़फोड़ कर दी है। इससे पीने के पानी के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में पानी घरों में घुसेगा। अवैध प्लाटिंग के लिए सड़क बनाने के लिए मटेरियल बस्ती के रास्ते से ले जाते हैं जिससे गांव में गंभीर सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। इसकी शिकायत पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और नेताओं से की गई लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। पंचायत स्तर पर भी कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। कलेक्टर से पानी निस्तारी की समस्या, खेत खलिहान आवागमन सुविधा को बहाल करने तथा अवैध प्लाटिंग को रोकने की मांग की है।



## भीषण गर्मी बनी बड़ी वजह, शॉर्ट सर्किट और लापरवाही से बढ़ रहे हादसे

# धमतरी जिले में 55 आगजनी की घटनाओं ने तोड़ा सालों का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूरे छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब केवल लोगों के स्वास्थ्य और जनजीवन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव घरों, दुकानों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर भी देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ते तापमान और बिजली उपकरणों पर बढ़ते दबाव के कारण शॉर्ट सर्किट की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके चलते शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आगजनी की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि दर्ज की गई है। धमतरी जिले में भी इस वर्ष आगजनी के मामलों ने वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भीषण गर्मी और लापरवाही के कारण लग रही आग से लोगों को लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान उठाना पड़ रहा है। कहीं घरों में आग लग रही है तो कहीं दुकानों, गोदामों और खेतों में आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। गर्मी के कारण बिजली के तारों में अत्यधिक लोड, पुराने वायरिंग सिस्टम, लगातार चल रहे कूलर, पंखे, एसी तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के कारण शॉर्ट सर्किट की संभावना बढ़ गई है। सुरक्षा में थोड़ी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन रही है।

अग्निशमन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक कुल 22 आगजनी की घटनाएं दर्ज हुई थीं, जबकि वर्ष 2026 में जनवरी से मई माह तक अब तक 55 आगजनी की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस वर्ष आग लगने की घटनाओं ने सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ सकती है।

अग्निशमन विभाग के प्रभारी भगवान दास ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम लगातार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं दे रही है। धमतरी शहर के अलावा कुरूद, मगरलोड, बालोद जिले के गुरूर, पुरूर तथा कांकेर जिले के चारामा तक आग बुझाने के लिए टीम को जाना पड़ रहा है। कई बार एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे विभाग पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। उन्होंने बताया कि धमतरी अग्निशमन विभाग द्वारा 24 घंटे निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी आगजनी की घटना की सूचना के लिए विभाग के हेल्पलाइन नंबर 07722-240701 पर संपर्क किया जा सकता है।

धमतरी अग्निशमन दल के पास वर्तमान में तीन फायर ब्रिगेड वाहन उपलब्ध हैं। रुद्री स्थित कार्यालय में 9 फायरमैन, 3 ड्राइवर तथा 4 सैनिक तैनात हैं, जो हर परिस्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने के लिए तैयार रहते हैं। भीषण गर्मी के बीच भारी सुरक्षा उपकरण पहनकर आग बुझाना किसी चुनौती से कम नहीं होता, लेकिन इसके बावजूद अग्निशमन कर्मी बिना रुके अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

शहर में लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जिस तरह इस बार सूरज आग उगल रहा है, उसे देखते हुए प्रशासन और आम नागरिकों दोनों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटना को टाल सकती है।



#### गर्मी में आग से बचाव के लिए बरतें अतिरिक्त सावधानी

विशेषज्ञों का कहना है कि गर्मी के मौसम में लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पुराने बिजली तारों की जांच कराना, एक साथ अधिक बिजली उपकरणों का उपयोग न करना, खराब वायरिंग को तुरंत बदलना और गैस सिलेंडर व ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर रखना जरूरी है। घर से बाहर निकलते समय बिजली उपकरणों को बंद करना भी आग की घटनाओं को रोकने में मददगार हो सकता है।



## सार्वजनिक शौचालय दो माह से बंद, महिलाओं ने जताई नाराजगी



- जल्द व्यवस्था नहीं होने पर निगम घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मकेश्वर वार्ड में सार्वजनिक शौचालय पिछले दो माह से बंद होने के कारण वार्डवासियों विशेषकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर वार्ड अध्यक्ष सुरेश राजपूत के नेतृत्व में वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए बताया कि कई बार वार्ड पार्षद से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

महिलाओं ने कहा कि शौचालय बंद होने के कारण उन्हें खुले में शौच के लिए बाहर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। रात के समय डर और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। साथ ही खुले में शौच जाने से शर्मिंदगी का सामना भी करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान के तहत खुले में शौच मुक्त भारत का सपना दिखाया गया था, लेकिन नगर निगम की लापरवाही के कारण उन्हें फिर से खुले में शौच के लिए विवश होना पड़ रहा है।

ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा एवं गौतम वाधवानी ने कहा कि यदि जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो वार्डवासियों के साथ नगर निगम का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माता-बहनों के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए उन्होंने समस्या का तत्काल निराकरण करने की मांग की।

इस दौरान मजदूर कांग्रेस संघ प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया सोनी, ब्लॉक उपाध्यक्ष चंदन रजक, नीला बंजारे, सत्यभामा ध्रुव, अनीता साहू, नीतू ध्रुव, सातो ढीमर, अग्निबाई ध्रुव, माहेश्वरी ढीमर, कुलेश्वरी साहू, सरस्वती ध्रुव, दयावती साहू, अंबिका ध्रुव, कृति ध्रुव, गणेशिया सतनामी, उर्मिला गजबिये, शगुन ध्रुव, संगीता ध्रुव, शारदा यादव, बिरजा ध्रुव, हमीन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## सोरिद वार्ड में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- बरसात में जलभराव, कीचड़ एवं गंदगी की समस्या से राहत मिलेगी : रोहरा

सोरिद वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए 11.64 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। निर्माण कार्य रामकुमार सिन्हा के घर से आंगनबाड़ी तक कराया जाएगा। भूमिपूजन मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा के आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि लोकनिर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बरसात के दिनों में जलभराव, कीचड़ एवं गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।

कौशिल्या देवांगन ने कहा कि वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। निगम प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार जारी है। विजय मोटवानी ने कहा कि शहर के विकास में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ होने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होता है और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाता है। मौके पर एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर,पार्षद हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी,आशा नंदू लोधी, पूर्व पार्षद रामखिलावन कंवर उपस्थित थे।



## बिना सूचना गायब रही व्याख्याता को फिर मिली ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- कुर्रा स्कूल प्रबंधन समिति में नाराजगी

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कुर्रा में पदस्थ व्याख्याता ज्ञानेश्वरी भेसले के रि-ज्वाइनिंग पर स्कूल प्रबंधन समिति ने नाराजगी व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार व्याख्याता 1 अक्टूबर 2025 से बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित थीं। लंबे समय तक विद्यालय नहीं आने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई, जिससे अभिभावकों एवं स्कूल प्रबंधन समिति में नाराजगी है।

बताया जा रहा है कि पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों को संबंधित विषय की नियमित पढ़ाई नहीं मिल पाई, जिससे छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों का कहना है कि एक ओर छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए संघर्ष करते रहे, वहीं दूसरी ओर बिना सूचना अनुपस्थित रहने के बावजूद संबंधित व्याख्याता को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पुनः ज्वाइनिंग दे दी गई।

समिति के सदस्यों ने इस निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में अनुशासन और जवाबदेही आवश्यक है। यदि लंबे समय तक अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं होगी, तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों की शिक्षा पर पड़ेगा। समिति ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## मरीज को अस्पताल छोड़ आ रही संजीवनी 108 डिवाइडर पर चढ़ी



- डॉक्टर और पायलट बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

धमतरी जिले के मेघा ग्राम में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब मरीज को अस्पताल छोड़कर लौट रही संजीवनी 108 एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय वाहन में कोई मरीज मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। एम्बुलेंस में सवार डॉक्टर और पायलट को मामूली चोटें आईं और दोनों सुरक्षित बच गए।

जानकारी के अनुसार मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 एम्बुलेंस मरीज को कुरूद अस्पताल छोड़कर वापस लौट रही थी। देर रात मेघा पेट्रोल पंप के पास अंधेरे में बिना रेडियम और संकेतक वाले डिवाइडर के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पेट्रोल पंप कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर डॉक्टर और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में लोक निर्माण विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क पर बने डिवाइडर में न तो रेडियम पट्टियां लगाई गई हैं और न ही पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। इसके अलावा महानदी पुल निर्माण के चलते बनाए गए अस्थाई रपटा मार्ग पर भी रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल स्ट्रीट लाइट, फ्लैशर और रेडियम साइन बोर्ड लगाने की मांग की है।

## जैन साध्वियों के निधन पर रंजना ने जताया शोक

- दिवंगत साध्वियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**धमतरी।** मध्यप्रदेश के रीवा में सड़क हादसे में जैन साध्वी श्रुतमति माता एवं उपशममति माता के निधन पर छग भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत साध्वियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत समाज के त्याग और अहिंसा का मार्ग पूरे समाज को दिशा देता है। उनका असमय जाना हम सभी के लिए पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और घायल साध्वी जी जल्द स्वस्थ हों। इस दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार जैन समाज के साथ खड़ा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

संत सुरक्षा पर रंजना साहू ने कहा कि जैन मुनि-साध्वी पैदल विहार करते हैं। ये घटनाएं हम सबको सोचने पर मजबूर करती हैं कि समाज के तौर पर हम उनकी सुरक्षा के लिए और क्या कर सकते हैं। सरकार, प्रशासन और समाज सभी को संवेदनशील होना होगा ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाएं न हों। संतों का सम्मान हमारी संस्कृति है। हम सबका दायित्व है कि सड़क पर चल रहे साधु-संतों का विशेष ध्यान रखें और यातायात नियमों का पालन करें।







